Australian Government
Department of Health

# तपेदिक (TB) जांच और उपचार के संबंध में अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों के लिए सलाह

## TB का अत्यधिक उच्च खतरा

कुछ अंतर्राष्ट्रीय विद्यार्थियों में ऑस्ट्रेलिया में पैदा हुए लोगों की तुलना में तपेदिक (TB) विकसित करने की संभावना कहीं अधिक होती है।

यदि आप निम्नलिखित क्षेत्रों में किसी देश से हैं, तो यह संभावना है कि आप TB की चपेट में आए होंगे:

- एशिया
- अफ्रीका
- वेस्टर्न पेसेफिक
- भारतीय उप-महाद्वीप
- दक्षिणी अमेरिका
- पश्चिमी यूरोप।

इन लोगों से आने वाले लोगों का TB से संक्रमित और बीमार होने का खतरा अधिक होता है।

## TB क्या होता है?

TB एक संक्रामक रोग है जो फेफड़ों, अन्य अंगों और हड्डियों को प्रभावित करती है। दवाई से TB का इलाज हो सकता है, परन्तु यदि इलाज न किया जाए तो यह जानलेवा हो सकती है। विश्व की करीब एक-चौथाई जनसंख्या TB पैदा करने वाले जीवाणु से संक्रमित है।

TB दुनिया-भर में होने वाली मृत्यु की चोटि के 10 कारणों में से एक है।

## TB के इलाज का कोई खर्च नहीं

ऑस्ट्रेलिया में, आपको सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली में किए जाने वाले TB के रोग-निदान या इलाज सेवाओं के लिए कोई भुगतान नहीं करना होगा, इसमें दवाईयों के खर्च का भुगतान न करना शामिल है। ओवरसीज़ स्टुडेंट हेल्थ कवर (OSHC) गैर-सरकारी स्वास्थ्य प्रणाली के माध्यम से प्रदान की गई की सेवाओं के लिए कुछ खर्च को कवर करने में सहायता कर सकता है।

## वीज़ा पर असर नहीं पड़ता है

यदि आपको TB हो जाता है, तो आपको ऑस्ट्रेलिया छोड़कर जाने के लिए नहीं कहा जाएगा। बशर्ते कि आप TB का सुझाव दिया गया इलाज करवाते/करवाती हैं, इससे आपके स्टुडेंट वीज़ा की शर्तों पर असर नहीं पड़ेगा।

## लक्षण

TB से ग्रस्त लोग निम्नलिखित महसूस कर सकते हैं:

- थकावट और अस्वस्थ महसूस करना
- खांसी जो कम से कम 3 सप्ताह तक रहे
- बिना मतलब वज़न कम होना
- बुखार आना
- रात को बिस्तर में पसीना आना
- खांसी में रक्त आना
- छाती में दर्द होना
- सूजी हुई लसीका ग्रंथियां
- भूख लगना बंद होना।

यदि आपको इनमें से कोई लक्षण हैं, तो डॉक्टर को दिखाएँ और उन्हें यह तथ्य पत्रक दिखाएँ। सक्रिय TB से ग्रस्त कुछ लोगों में कोई लक्षण नहीं होंगे।

## TB कैसे फैलता है

TB उस स्थिति में वायु के माध्यम से फैलता है जब सक्रिय TB से ग्रस्त कोई व्यक्ति खांसता, छींकता, चिल्लाता, बात करता या गाना गाता है, और पास बैठे दूसरे लोग जीवाणु को सांस से अंदर ले लेते हैं।

यह संभव है कि हो सकता है कि आप TB की चपेट में आए हों और आपको इसकी जानकारी भी न हो। TB से ग्रस्त कुछ लोगों में कोई लक्षण नहीं होते हैं और हो सकता है कि उन्हें पता न हो कि उन्हें सक्रिय TB रोग है।

## टीकाकरण

TB का टीका (BCG) युवा बच्चों को TB के गंभीर प्रकारों से सुरक्षित करता है। चाहे आपका टीकाकरण हुआ हो, आपको फिर भी TB हो सकता है।

## TB की जांच

वीज़ा मेडिकल स्क्रीन में उच्च-खतरे वाले देशों से आने वाले लोगों में सक्रिय या संक्रामक TB का पता लगाने के लिए छाती का एक्स-रे किया जाना शामिल है।

कई लोगों में TB का गुप्त या मूक संक्रमण होगा, जिसे डॉक्टर छाती के एक्स--रे में नहीं देख सकते हैं। गुप्त या मूल TB से कोई लक्षण पैदा नहीं होते हैं परन्तु यह स्क्रीनिंग (जांच) के महीनों या वर्षों बाद सक्रिय या संक्रामक TB में आगे बढ़ सकता है।

## ऑस्ट्रेलिया में आने के बाद सहायता कहाँ से लें

आप अपने डॉक्टर, युनिवर्सिटी स्वास्थ्य सेवा या स्थानीय अस्पताल से बात करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। यदि आपको TB के कोई लक्षण हैं तो यह तथ्य पत्रक अपने डॉक्टर को दिखाएँ।

आप HealthDirect Australia को दिन में 24-घंटे, सप्ताह में 7 दिन निःशुल्क स्वास्थ्य सलाह के लिए 1800 022 222 पर फोन भी कर सकते हैं (लैंडलाइन से की जाने वाली कॉल्स निःशुल्क हैं, मोबाइल शुल्क लागू हो सकते हैं)।

नीचे दिए गए लिंक्स का प्रयोग करके अपने राज्य या टेरिटरी के स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट देखें:

- ऑस्ट्रेलियन कैपिटल टेरिटरी: Tuberculosis (health.act.gov.au)
- विक्टोरिया: Tuberculosis (health.vic.gov.au)
- न्यू साउथ वेल्स: Tuberculosis (heath.nsw.gov.au)
- क्वींसलैंड: Tuberculosis (health.qld.gov.au)
- नार्दर्न टेरिटरी: Tuberculosis (health.nt.gov.au)
- वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया: Tuberculosis (health.wa.gov.au)
- साउथ ऑस्ट्रेलिया: Tuberculosis (sahealth.sa.gov.au)
- तस्मानिया: : Department of Health (health.tas.gov.au/)

यदि आपको लगता है कि आपको ऐम्बुलेंस की ज़रूरत है या आपकी बीमारी गंभीर या जानलेवा है, तो तुरंत ऐम्बुलेंस के लिए ट्रिपल ज़ीरो (000) पर कॉल करें।